# आज होगा पंचायत चुनाव का मतदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज विकास खंड के बहादुरा ग्राम पंचायत में बुधवार को प्रधान पद के लिए मतदान होगा।

ग्राम पंचायत के सभी 15 वार्डों में सदस्य पद के लिए एक एक नामांकन पत्र दाखिल होने से सभी सदस्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होना तय है। गांव के दो पोलिंग स्टेशन पर छः बूथों पर मत डाले जाएंगे। मंगलवार की शाम को विकास खंड कार्यालय से पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। निर्वाचन अधिकारी अरुण सिंह जिला अर्थ एवं संख्य अधिकारी गोंडा ने बताया कि सुबह सात बजे से सायं पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि शाम को सभी पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच गई हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती मतदान केंद्रों पर की गई है। सायं एसडीएम तरबगंज विशाल कुमार ने पोलिंग स्टेशन पर पहुंच कर पोलिंग बूथों का मुवायना किया तथा पोलिंग पार्टियों को निभ्ह्रक होकर चुनाव सकुशल संपन्न कराने का निर्देश दिया। बहादुर ग्राम पंचायत में प्रधान पद पर कमला देवी,मीरा देवी,विद्या देवी, सुरजा देवी के बीच मुकाबला है।

### डीडीसी व ग्राम प्रधान के रिक्त पद पर उप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

**गौरीगंज अमेठी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद अमेठी के वार्ड नं0-3 में रिक्त जिला पंचायत सदस्य तथा ग्राम पंचायत अगौना के रिक्त ग्राम प्रधान के पद पर उप निर्वाचन 19 फरवरी 2025 को होना है। उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार को विकासखण्ड मुसाफिरखाना, जगदीशपुर व तिलोई से 78 पोलिंग पार्टियॉ रवाना हुई, जिनमें 74 पोलिंग पार्टियॉ जिला पंचायत सदस्य के उप निर्वाचन हेतु तथा 04 पोलिंग पार्टियॉ ग्राम प्रधान पद के उप निर्वाचन हेतु भेजी गई। जिला पंचायत सदस्य हेतु कुल मतदाता 44857 और ग्राम प्रधान पद हेतु कुल मतदाता 2077 है, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सभी पोलिंग पार्टियॉ अपने-अपने बूथों पर सकुशल पहुॅच गई है। सभी बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इन्तजाम किए गए है।

# यूपी में टीबी के 89 हजार से ज्यादा मरीजों की पहचान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को तपेदिक रोग से मुक्त बनाने के प्रयास के तहत 100 दिवसीय ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) अभियान के पहले 69 दिन में 75 जिलों में 89 हजार 967 मरीजों की पहचान की गई है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि 74 प्रतिशत उच्च जोखिम वाले मरीजों तक विभागीय टीम पहुंच चुकी है और साढ़े 12 लाख से अधिक लोगों को टीबी के बचाव की दवा खिलाई गई है।

राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ- शैलेंद्र भटनागर ने मंगलवार को बताया कि लक्षणविहीन लोगों को टीबी न हो, इसके लिए टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) के तहत दवा खिलाई जा रही है। अभियान के दौरान 12 लाख 65 हजार 376 लोगों को टीपीटी दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में अब तक कुल 89 हजार 967 टीबी मरीजों की पहचान हुई है जिनमें से 73 हजार 231 का इलाज शुरू कर दिया गया है। सभी 75 जिलों में लगभग साढ़े तीन करोड़ की उच्च जोखिम की जनसंख्या को आच्छादित कर 2-54 करोड़ लोगों की टीबी के संभावित लक्षणों के आधार पर स्क्रीनिंग की गई और एक्सरे, नॉट या माइक्रोस्कोपिक जांच की गई। अभियान के दौरान कुल चार लाख 78 हजार 763 निक्षय शिविर लगाकर टीबी की स्क्रीनिंग की गई और जागरूकता अभियान चलाया गया। औसतन प्रतिदिन 4809 निक्षय शिविर लगाए गए। डॉ- भटनागर ने बताया कि अब तक अभियान में सर्वाधिक 4050 टीबी के मरीज लखनऊ में मिले हैं। इसके बाद आगरा में 3545, सीतापुर में 2854, अलीगढ़ में 2802, कानपुर में 2688, प्रयागराज में 2282, गोरखपुर में 2025 और वाराणसी में 2015 केस मिले हैं। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में सबसे कम केस श्रावस्ती (247) में मिले हैं। इसके बाद महोबा में 309, चित्रकूट में 346, संत रवीदास नगर में 353 और शामली में 360 मरीज मिले हैं। डॉ- भटनागर ने बताया कि सात दिसम्बर से उन 15 जनपदों में 100 दिवसीय टीबी सघन अभियान शुरू हुआ था जहां टीबी से होने वाली मौतों की संख्या अधिक थी और नए टीबी रोगियों और संभावित टीबी रोगियों की पहचान दर राष्ट्रीय औसत से कम थी। दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में मुख्यमंत्री ने अभियान की समीक्षा करते हुए इस अभियान को सभी 75 जनपदों में लागू करने के निर्देश दिए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मिनी बस और ट्रक में भिड़ंत, एक की मौत, 20 घायल

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बकेवर इलाके में सोमवार और मंगलवार की रात मिनी बस और ट्रक की टक्कर में चालक की मौत हो गई जबकि 20 यात्री गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महेवा ओवरब्रिज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात करीब डेढ़ बजे यह हादसा उस समय हुआ जब नोयडा से प्रयागराज महाकुंभ जा रही मिनी बस विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। घायलों को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जिनमें से एक की स्थिति नाजुक होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी भेजा गया है। बताया गया है कि मिनी बस में सवार सभी श्रद्धालु नोयडा से प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने जा रहे थे।

### सुलतानपुर में दीवार गिरने से तीन बच्चों की मौत

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के गोसाईंगंज क्षेत्र में जर्जर दीवार गिरने से घायल दो बच्चों की मंगलवार को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सोमवार शाम हुए हादसे में एक बच्चे की पहले ही मृत्यु हो चुकी है जिसे मिला कर हादसे में तीन बच्चों की मौत हो चुकी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस दुर्घटना में दीवार से दब कर शहबान (9) की मौके पर ही मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल इशू और सैनूद को लखनऊ रेफर किया गया था, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। हादसे के समय सात बच्चे मुस्तकीन उर्फ बखेडू के अधूरे पड़े पक्के मकान पर खेल रहे थे। इनमें शहबान, सैनुद, आलिम, आरिज, सैयम, मो-इसु और असरफ शामिल थे। अचानक छज्जा सहित पक्की दीवार गिर गई। स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर बच्चों को मलबे से निकाला। भटमई चौकी इंचार्ज जितेंद्र यादव और कांस्टेबल प्रमोद कुमार ने घायल बच्चों को सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। मलबा हटाने के दौरान चार और लोग घायल हुए। इनमें वारिस (24), रज्जाक (32), आफताब आलम (28) और शेहरे (42) शामिल हैं। जयसिंहपुर तहसीलदार मयंक मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### कलयुगी पुत्रों ने की बुजुर्ग पिता की पीट पीट कर हत्या

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के तमकुहीराज क्षेत्र में जमीन बेचने से नाराज तीन युवकों ने अपने बुजुर्ग पिता की मंगलवार को ईट से कूंच कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर 11 वैष्णव नगर भटवलिया नंबर 2 में जमीन बेचने से नाराज तीन युवकों ने अपने पिता के सिर को ईंट कूच दिया। घटना के बाद आरोपी शव को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर 11 वैष्णव नगर, भटवलिया नंबर 2 में अनीस (55) को उसके बेटो ने जमीन बेचने पर नाराजगी जाहिर करते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। पिता के विरोध जताने पर बेटों ने उसके सिर पर ईंट से प्रहार करना शुरू कर दिया जिससे अनीस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची तमकुहीराज पुलिस घायल को लेकर सीएचसी तमकुहीराज पहुंची।


# नाबालिग से गैंगरेप के आरोप में दो गिरफ्तार

**आरोपियों में बालिका का एक दोस्त भी भामिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बीते दो फरवरी को दो युवकों के एक नवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग बालिका के साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़ित पिता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में यह बताया कि,बीते दो फरवरी को साढ़े आठ बजे जब उसकी पुत्री घर के समीप रेलवे ट्रैक पर अपने दोस्त संदीप के साथ बैठकर बातें कर रही थी तभी वहां विकास आ गया और बोला आज तुम लोगों को मैने पकड़ लिया है। और संदीप से जबरजस्ती गलत काम करवाया तथा खुद भी भी मेरी पुत्री के साथ गलत काम किया। इसके बाद विकास ने संदीप से कहा कि मुस्कान को पकड़



कर किस करो जब संदीप ने उसको किस किया तो विकास ने उसका फोटो अपने फोन में खींच लिया। विरोध करने पर उसे मारापीटा और यह कहते हुए धमकी दिया कि यदि उक्त घटना के बारे में किसी को बताया तो तुम्हें जान से मार डालूंगा। इसके बाद दोनो वहां से चले गए। अपने साथ हुई इस घटना से उसकी पुत्री सदमें में आकर बीमार पड़ गई।जब उससे उसके गुमसुम रहने व किसी से बात न करने के बारे में पूछा गया तो उसने रो-रोकर सारी बात बताई। नगर पुलिस के मुताबिक इस संबंध में केस दर्ज कर आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है व अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नवाबगंज में आयोजित नागरिक संगम में डीएम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज कस्बे के नगर पालिका कन्या इंटर कालेज में बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में नागरिक संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग ने पहुंच कर अपनी समस्याओं को रखी जिलाधिकारी ने सभी लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी उसे संबंधित अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया।इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के अधिकारी अपके नगर में पहुंच कर समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।




उन्होंने कहा कि नवाबगंज क्षेत्र अयोध्या समीप में बसा होने से इसका विशेष महत्व है। यह क्षेत्र अयोध्या का प्रवेश द्वार है।इस लिए इसको स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी लोगों की है।अमृत जल योजना के तहत उन्होंने जब पानी की सप्लाई शुरू नहीं होती है तब उन्होंने नगर पालिका ईओ से पानी की वैकल्पिक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री आवास का सर्वे शुरू हो चुका है सभी पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ मिलेगा।इस मौके पर सभासद राजेन्द्र यादव, आशीष सिंह ने कहा कि कटी तिराहे पर नया पुल बनने से शुगर मिल से दूषित पानी आने के नाले ध्वस्त हो गया जिससे बाजपुरवा के लोग दूषित पानी पीने के लिए विवश हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका और जल निगम समन्यव स्थापित कर पानी पानी की व्यवस्था करें।

पड़ाव मोहल्ला निवासी श्याम कली ने कहा कि उनके पति और लड़के दोनों की मृत्यु हो चुकी है। इसके बावजूद उनका 57 हजार रूपए बिर आया है। जिसपर जिलाधिकारी ने एसडीओ बिजली विभाग को अधिकतम लाभ देने के लिए कहा। कहरान मोहल्ला के सभासद सुनील ने सीएचसी में कुत्ते की वैक्सीन न लगने की बात कही जिस पर उन्होंने सीएमओ को तत्काल वैक्सीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस मौके के कस्बे के लोगों ने कहा कि कस्बे पीनी की पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए ग्ढ्ढे को ठीक से नहीं पाटने से लोगों के उसमें गिर कर चोटिल होने की बात कही।जिस पर जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों से कहा कि वह उतना ही गड्ढा खोदे जितने में पाइप डाल कर उसे पाट दे।इस दौरान नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर अपने समस्याओं के बारे बताया।जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया।इस मौके एडीम, सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा, डीएसओ, एसडीएम विशाल कुमार, खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्रा,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ सतएंद्र सिंह, नगर पालिका ईओ सर्वेश कुमार शुक्ला, सीडीपीओ रमा सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नासिक प्रशासन की टीम महाकुंभ की योजनाओं के अध्ययन के लिए प्रयागराज में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**महाकुंभनगर।** नासिक में 2027 मे प्रस्तावित कुंभ मेला की तैयारियों के सिलसिले में वहां के जिला प्रशासन का एक दल प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन करने के लिए यहां आया है। उच्च अधिकारियों की टीम ने महाकुंभ के आयोजन स्थल, घाटों, अखाड़ों और अन्य प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

साथ ही, आंतरिक यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता व्यवस्था, और विभिन्न प्रशासनिक पहलुओं पर भी जानकारी प्राप्त की। टीम का नेतृत्व संभागीय आयुक्त डॉ-प्रवीन गेडाम ने किया जिसमें विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रय कराले, जिलाधिकारी जलज शर्मा, नगर आयुक्त मनीषा खत्री, और नासिक मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी के सीईओ माणिक गूर्सल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल थे। नासिक में होने वाले कुंभ मेला 2027 के लिए नासिक प्रशासन ने महाकुंभ 2025 के आयोजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने की योजना बनाई थी। नासिक टीम ने प्रयागराज के महाकुंभ के आयोजन स्थल, घाटों, और अखाड़ों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विश्लेषण किया, ताकि नासिक में होने वाले कुंभ मेला के लिए बेहतर तैयारियां की जा सकें। टीम ने महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। यह अध्ययन नासिक प्रशासन को आगामी कुंभ मेला के लिए एक ठोस योजना बनाने में मदद करेगा। महाकुंभ मेला प्रयागराज के जिलाधिकारी विजय किरण आनंद ने नासिक टीम को महाकुंभ 2025 के आयोजन की विस्तृत योजना पर प्रस्तुति दी। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ के आयोजन के हर पहलू पर चर्चा की, जिसमें यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पब्लिक हेल्थ, और भक्तों को सुविधाएं प्रदान करने की योजनाएं शामिल थीं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रयागराज प्रशासन ने किस प्रकार से विभिन्न सेवाओं को जोड़ा है, जैसे कि डिजिटल कनेक्टिविटी, सूचना प्रबंधन, और आपातकालीन व्यवस्थाएं। इस प्रस्तुति के बाद, नासिक टीम ने कई प्रमुख अधिकारियों से चर्चा की और अपने सवालों का समाधान प्राप्त किया।



नासिक टीम ने प्रयागराज के इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर (आई सीसीसी) का दौरा भी किया, जो महाकुंभ के दौरान पूरे शहर की निगरानी करता है। इस सेंटर में 2,500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो हर गतिविधि पर नजर रखते हैं। सेंटर में पुलिस, प्रशासन, अग्निशमन सेवा और आपातकालीन प्रबंधन के अधिकारी मौजूद रहते हैं। टीम ने यह भी जाना कि इस सेंटर में अन्य विभागों जैसे रेलवे, दूरसंचार, आपदा प्रबंधन और बीएसएफ के अधिकारी भी तैनात हैं।

# संजय निषाद के खिलाफ कांग्रेस ने की न्यायिक जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा सरकार में मंत्री संजय निषाद और उनके पुत्रों के खिलाफ न्यायिक जांच की मांग की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस सिलसिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।



उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पिछले दिनो निषाद पार्टी के अध्यक्ष एवं मंत्री संजय निषाद एवं उनके दोनों पुत्रों पर महारजगंज से उनकी ही पार्टी के प्रदेश सचिव धर्मात्मा निषाद ने फेसबुक पर एक लंबी पोस्ट लिखकर गंभीर आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर ली। इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए, क्योंकि यह मामला आरोपी मंत्री के राजनीतिक आचरण की शुचिंता के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत व्यवहार से भी जुघ हुआ है। जब तक इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती तब तक श्री निषाद को मंत्रिमंडल में रहने का भी कोई अधिकार नहीं है। श्री राय ने धर्मात्मा निषाद के परिजनों को मानवीय सहायता के रूप में एक करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान करने और उनके निकटस्थ उत्तराधिकारी को सरकारी सेवा में नियुक्ति प्रदान किए जाने की भी मांग की

# महाकुंभ के समापन की घड़ी नजदीक आने के साथ बढ़ रहा है श्रद्धालुओं का उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 के समापन की घड़ी नजदीक आने के साथ ही त्रिवेणी में पुण्य स्नान के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है। जाम,पैदल सफर और भीड़ भाड़ जैसी तमाम दुश्वारियों के बावजूद संगम में हर रोज एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन त्रिवेणी पर स्नान करने आ रहे हैं।



अमृत स्नान पर्वो की भांति प्रयागराज में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। शनिवार और रविवार की तरह सोमवार को भी संगम में एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। महाकुंभ 26 फरवरी को अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के साथ समाप्त हो जाएगा। अधिकृत सूत्रों के अनुसार आज रात आठ बजे तक संगम में एक करोड़ 35 लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके थे जिसे मिलाकर संगम में अब तक 54 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके थे। इसके बावजूद स्नानार्थियों का रेला संगम क्षेत्र में खत्म होने का नाम नहीं ले रहा था। देश के कोने कोने से श्रद्धालु रेल,बस, हवाई जहाज और यहां तक नाव के जरिए संगम क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का कारवां सिर्फ प्रयागराज ही नहीं बल्कि इसके 200 किमी की परिधि पर बसे जिलों और कस्बो में देख जा सकता है। हाइवे पर सड़क किनारे ढाबे पिछले एक महीने से श्रद्धालुओं से गुलजार हैं वहीं यूपी रोडवेज ने तमाम बसों को प्रयागराज के लिए लगा दिया है। इसके बावजूद बसें ठसाठस भर कर संगम नगरी पहुंच रही है। ट्रेनों में भी तिल रखने की जगह नहीं है। प्रयागराज में भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्नान आदि के बाद श्रद्धालुओं से घाट छोडने की अपील की जा रही है। भीड पर निगाह रखने के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। प्रयागराज जंक्शन समेत जिले के तमाम स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए बैरीकेडिंग लगाई गई है।

# नवाबगंज में ग्रामीणों ने पकड़ा जंगली जानवर

**कुछ दिनां से इलाके में दहशत के पर्याय बने हैं जंगली जीव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज क्षेत्र में जंगली जानवर की आमद से लोग दहशत में हैं। वन विभाग जहां कोई सुराग न मिलने का दावा कर रहा है वहीं तुलसीपुर माझा में ग्रामीणों द्वारा जंगली जानवर पकड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है।

ालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि संदेश वाहक नहीं करता है। वायरल वीडीओ में ग्रामीण गड्ढे में पानी भर रहे हैं जिसमें से जंगली जानवर के बच्चे निकल रहे हैं। देखने में यह सियार या लोमड़ी से भिन्न जानवर लग रहा है। क्षेत्र में जंगली जानवर के चलते चौखड़िया व इंदरपुर में लोग हफ्ते भर से दहशत में हैं। इस संबंध में वन विभाग तो खोजबीन करने का दावा कर रहा है किन्तु अभी तक उन्हें कोई सफलता नहीं मिली है। वन



क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह भेड़िया मानने से इनकार कर रहे हैं जबकि ग्रामीण भेड़िया बता रहे हैं। फिलहाल दहशत का पर्याय बने इन जानवरों ने अभी तक किसी मनुष्य को हानि नहीं पहुंचाई है, किन्तु बीते छः माह के बीच दर्जनों बकरियों को निवाला बना चुके हैं। जंगली जानवर के चलते खेतों में काम करना मुश्किल हो गया है। तुलसीपुर माझा के गौरव यादव ने बताया कि मवेशियों के लिए खेतों से हरा चारा लाने के लिए लोग दिन में भी जाने से डरने लगे हैं। झुण्ड में लोग खेत में काम को जाते हैं। इंदरपुर के मुकेश सिंह कहते हैं कि लोग पालतू जानवरों को चराना बंद कर दिए हैं।

# डीएम व एसपी ने पीढ़ी स्थित श्री तपेश्वर नाथ धाम मंदिर का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सोमवार को संयुक्त रूप से पीढ़ी स्थित श्री तपेश्वर नाथ धाम मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा दिया एवं संबंधित अधिकारियों तथा मंदिर कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, पार्किंग, पीने हेतु पानी, शौचालय, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर कमेटी के सदस्यों से महाशिवरात्रि पर्व के ख्रष्टिगत श्री तपेश्वर नाथ धाम मंदिर में लगने वाले मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के बारे में जानकारी तथा उसी के अनुसार समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर मेले में आने वाले श्र)ालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी तिलोई, डीपीआरओ मनोज त्यागी, मंदिर कमेटी के सदस्यगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

